पत्रांक-15/ए1-074/85शि0-----974-----:
बिहार सरकार,
मानव संसाधन विकास विभाग।
=====

प्रेषक,

श्री राम शंकर प्रसाद,
सरकार के उप सचिव, बिहार।

सेवा में,

कुल सचिव,
मगध विश्वविद्यालय, बोध गया।

पटना, दिनांक- 13/7/88

विषय:- सुमित्रा महिला महाविद्यालय डुमरांव (भोजपुर) को बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 (पास) स्तर का संबंधन।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-367/जी III, दिनांक 19-8-85 एवं 978/जी III, दिनांक 21-11-87 के प्रसंग में कहना है कि राज्य सरकार सुमित्रा महिला महाविद्यालय डुमरांव (भोजपुर) को मात्र बी0ए0 (पास) स्तर का अस्थायी वित्तीय भार रहित एवं इन्टर रहित संबंधन चालू सत्र 1987-88 से तीन सत्रों के लिये निम्नांकित विषयों में देने के प्रस्ताव से इस शर्त पर सहमत है कि इस बीच निरीक्षण प्रतिवेदन में लगायी गयी सभी सात शर्तों को महाविद्यालय पूरा कर लेगा :-

बी0ए0(पास) :- हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, उर्दू, मनोविज्ञान, इतिहास, दर्शन शास्त्र, भोजपुरी, भूगोल, ~~एवं~~ अर्थशास्त्र, एवं गृह विज्ञान।

2- संबंधन के फलस्वरूप किसी प्रकार का वित्तीय भार राज्य सरकार वहन नहीं करेगी।

3- संबंधित प्रधानाचार्य को उक्त निर्णय से शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

4- निदेशक (उच्च शिक्षा) बिहार पटना को इसकी सूचना दी जा रही है।

विश्वासभाजन,

ह0/-

(राम शंकर प्रसाद)
सरकार के उप सचिव, बिहार।

ज्ञापांक- 974. पटना, दिनांक- 13/7/88

प्रतिलिपि- निदेशक (उच्च शिक्षा) / संबंधित प्रधानाचार्य / सचिव, कॉलेज सेवा आयोग / प्रशाखा पदाधिकारी-14, 15 / सतीश नारायण धर सहायक प्रशाखा-15 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/2/1986 DP

(राम शंकर प्रसाद)
सरकार के उप सचिव, बिहार।

2

पत्रांक-15/ए1-74/8530शि0-

बिहार सरकार,

उच्च शिक्षा विभाग ।

प्रेषक,

श्री ठाकुर श्यामानन्द,
सरकार के अवर सचिव, बिहार ।

सेवा में,

कुल सचिव,
वीर कुंवर सिंह व विश्वविद्यालय, आरा ।

पटना, दिनांक-          सितम्बर, 94 ।

विषय:- सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव के संबंधन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 167/जी1/94 दिनांक 10-1-94 एवं पत्रांक 3299-3300/93 दिनांक 15-9-93 के प्रसंग में निदेशानुसार सूचित करना है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव बक्सर को कला संकाय के (बी0ए0) पास स्तर का पूर्व संबंधन प्राप्त विषयों में सत्र 95-96 तक संबंधन का दीर्घीकरण करने तथा विज्ञान संकाय में पास स्तर के पाँच विषयों यथा, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में सत्र 94-95 से 95-96 तक अस्थायी नव संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव में इस शर्त के साथ सहमति दी है कि महाविद्यालय इस अवधि में संबंधन के सभी शर्तों को पूरा कर लेगा ।

2- यह नवसंबंधन/दीर्घीकरण वित्त रहित एवं इन्टर रहित होगा ।

विश्वासभाजन,

ह0/- (ठाकुर श्यामानन्द)
सरकार के अवर सचिव, बिहार ।

ज्ञापांक- 557, पटना; दिनांक- 13 सितम्बर, 94 ।

प्रतिलिपि निदेशक (उच्च शिक्षा), बिहार/सचिव, कालेज सेवा आयोग, पटना/ प्रशाखा पदाधिकारी-14 एवं 15/ सचिव, संबंधित महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

[signature] 13.9.94

(ठाकुर श्यामानन्द)
सरकार के अवर सचिव, बिहार ।

67/05
25/04/05
3

पत्रांक-15/ए 1-74/85 उ०शि०———/

बिहार सरकार

मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग ।

======

प्रेषक,

श्री अनिल कुमार,
सरकार के उप सचिव, बिहार ।

सेवा में,

कुल सचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा ।

पटना, दिनांक अप्रैल-05:

विषयः- सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर को कला संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) तथा विज्ञान संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) में संबंधन का दीर्घीकरण के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक- 898/जी.आई.-02, दिनांक-10.8.2002 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार ने सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर को विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में निम्नलिखित संकाय/विषयों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का अभि अधोलिखित शैक्षणिक सत्रों तक वित्त रहित एवं इन्टरमीडिएट रहित सत्र-1996-97 से सत्र-2003-04 तक पूर्व से संबंधन प्राप्त विषयों में संबंधन का दीर्घीकरण के प्रस्ताव में सहमति प्रदान करने की कृपा की है :

| संकाय/ स्तर | विषय | सत्र से सत्र तक का दीर्घीकरण । |
|---|---|---|
| कला (पास एवं प्रतिष्ठा) | हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, उर्दू, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, संस्कृत एवं भोजपुरी । | 1996-97 से 2003-04 तक |
| विज्ञान (पास एवं प्रतिष्ठा) | -भौतिक विज्ञान, रसायनशास्त्र, गणित, प्राणिशास्त्र एवं वनस्पति विज्ञान । | 1996-97 से सत्र 2003-04 तक |

शैक्षणिक सत्र-2003-04 तक का तात्पर्य है कि 2003-04 में छात्रों का नामांकन डिग्री-I में होता है तो वैसे छात्रों को डिग्री-पार्ट-II एवं डिग्री-पार्ट-III की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति विश्वविद्यालय द्वारा दी जायेगी। अगले सत्र-2004-05 में छात्रों के नामांकन एवं परीक्षा हेतु पंजीयन वांछित सूचनायें प्राप्त होने एवं राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद ही किया जायगा।

2. विश्वविद्यालय से यह अनुरोध है कि संबंधित महाविद्यालय से यह सुनिश्चित करा लिया जाय कि अगले सत्र के पूर्व महाविद्यालय के नाम से कम से कम पाँच एकड़ जमीन उपलब्ध हो जाय ।

विश्वासभाजन,

ह0/-

(अनिल कुमार),
सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक-15/ए 1-74/85 उ0शि0-583/ पटना, दिनांक-6/4/2005

प्रतिलिपिः-निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना/ सचिव, कॉलेज सेवा आयोग, पटना/ प्रधानाचार्य, संबंधित महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

(अनिल कुमार),
सरकार के उप सचिव ।

04/02/09
8

# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

## अ धि सू च ना

मानव संसाधन विकास {उच्च शिक्षा} विभाग, बिहार सरकार के उपसचिव ने अपने पत्रांक 15/ए1-74/85, उ0शि0-1930 दिनांक 25.10.07 के द्वारा सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव {बक्सर} को वि0वि0 की अनुशंसा के आलोक में निम्नांकित संकायों, शैक्षणिक सत्र- 2004-05 से एवं पूर्व में अस्थायी सम्बन्धन प्राप्त विषयों में स्नातक कला एवं विज्ञान पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का वित्त रहित एवं इण्टर रहित स्थायी सम्बन्धन के प्रस्ताव में निम्नलिखित विषयों में सहमति प्रदान करने की कृपा की है :-

1. कला पास एवं प्रतिष्ठा स्तर पर 2004-05 से स्थायी संबंधन

हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, उर्दू, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, संस्कृत एवं भोजपुरी {कुल तेरह {13} विषय}

2. विज्ञान पास एवं प्रतिष्ठा स्तर पर 2004-05 से स्थायी संबंधन

भौतिक विज्ञान, रसायनशास्त्र, गणित, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पति विज्ञान {कुल पाँच {5} विषय}

उक्त संबंधन के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा वित्तीय भार वहन नहीं किया जायेगा।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार।

ह0/-
कुलसचिव
वीर कुँवर सिंह वि0वि0, आरा।

ज्ञापांक ..119/C/Estab/09....... दिनांक ..2/2/09.....

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषितः-

1. प्रभारी प्रधानाचार्या, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव {बक्सर}
2. सूचना पदाधिकारी, वीर कुँवर सिंह वि0वि0, आरा
3. परीक्षा नियंत्रक, वीर कुँवर सिंह वि0वि0, आरा
4. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक।

30/1/09
कुलसचिव
वीर कुँवर सिंह वि0वि0, आरा।

मिथिलेश
29/1/09

30/1/09

6.5
26.10.07



पत्रांक –15/ए 1–74/85, उ0शि0

बिहार सरकार

मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग

बिहार, पटना

प्रेषक,

रामचन्द्र चौधरी,
सरकार के उप सचिव,

सेवा में,

कुल सचिव,
वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा ।

पटना, दिनांक

विषयः– सुमित्रा महिला महाविद्यालय डुमराँव बक्सर को कला पास एवं प्रतिष्ठा तथा विज्ञान पास एवं प्रतिष्ठा स्तर मे स्थायी संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 269/जी0सी0/06 दिनांक 12.5.06 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार ने सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, (बक्सर) को विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में निम्नांकित संकायों, शैक्षिणक सत्र 2004–05 से एवं पूर्व में अस्थायी संबंधन प्राप्त विषयों में स्नातक कला एवं विज्ञान पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का वित्त रहित एवं इन्टर रहित स्थायी संबंधन के प्रस्ताव में निम्नलिखित विषयों में निम्नांकित शर्त्तो के साथ सहमति प्रदान करने की कृपा की है:–

| क्र0 सं0 | संकाय/स्तर | विषय | शैक्षणिक सत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कला पास एवं प्रतिष्ठा | 1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. राजनीतिशास्त्र, 4. भूगोल, 5. उर्दू, 6. गृह विज्ञान, 7. मनोविज्ञान, 8. इतिहास, 9. समाज शास्त्र, 10. अर्थशास्त्र, 11. दर्शनशास्त्र, 12. संस्कृत एवं 13. भोजपुरी (कुल तेरह विषयों में) | 2004–05 से स्थायी संबंधन |
| 2 | विज्ञान पास एवं प्रतिष्ठा | 1. भौतिक विज्ञान, 2. रसायन शास्त्र, 3. गणित, 4. प्राणिशास्त्र एवं 5. वनस्पति विज्ञान (कुल पॉच विषयों में) | 2004–05 से स्थायी संबंधन |

2. प्राचार्य, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव (बक्सर) के पत्रांक 28/07 दिनाक 24.2.07 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में अंकित सूचनाओं के आधार पर स्थायी संबंधन के प्रस्ताव में इस शर्त्त के साथ सहमति दी गई है कि विश्वविद्यालय उक्त प्रतिवेदन को सम्पुष्ट कर एक माह के अन्दर विभाग को उपलब्ध करा देंगें। अगर विश्वविद्यालय द्वारा सम्पुष्टि नहीं हुई तो यह संबंधन स्वतः रद्द हो जायगा। इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य पहल कर सम्पुष्टि करा लेंगें।

3. उक्त स्थायी संबंधन के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा वित्तीय भार वहन नही किया जायेगा।

4. निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया जाता है ।

विश्व.सभाजन

पत्रांक 15/ए3-21/2019 (अंश)
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि०प्र०से०
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक- 2021

विषयः- **सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर का संबंधन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-GC/708/55/Affili/2021 दिनांक-12.01.2021 द्वारा सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर के स्नातक वाणिज्य संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के विषय में सत्र 2021-24 के लिए अस्थायी नवसबधन हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है। समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक-1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक-3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक-3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर को स्नातक वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में शैक्षणिक सत्र 2021-24 के लिए पास/प्रतिष्ठा स्तरीय अस्थायी नवसंबंधन की **स्वीकृति** निम्न रूपेण प्रदान की जाती है :-

| क्र० | संकाय | विषय | संबंधन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर) | वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में | शैक्षणिक सत्र 2021-24 के लिए अस्थायी नव संबंधन। |

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्तो को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदण्ड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ ही, परिनियम में अंकित शर्त्तो/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Final Affiliation 2021 Rajeev

ज्ञापांक–15/ए3–21/2019 (अंश) – 1197. पटना, दिनांक 28.06.21.

प्रतिलिपिः–निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
802 301 (बिहार)
कुलसचिव
Email Id- affilationvksuarrah@gmail.com

55/21
7-7-21

पत्रांक ..........  दिनांक ..........

## अधिसूचना

निदेशानुसार श्री अरशद फिरोज, सरकार के उपसचिव शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक– 15/ए3–21/2019 (अंश)–1197 दिनांक– 28.06.2021 के द्वारा सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर को वाणिज्य संकाय में शैक्षणिक सत्र– 2021–24 के लिए पास एवं प्रतिष्ठा स्तरीय अस्थाई नवसंबंधन की स्वीकृति निम्न रूपेण प्राप्त हुई है: –

| क्र0 सं0 | संकाय | विषय | संबंधन की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01 | वणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर) | वणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में। | शैक्षणिक सत्र– 2021 – 2024 के लिए अस्थायी नवसंबंधन |

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तो को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय। अगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदण्ड पूर्ण कर लें।

नोट– वाणिज्य संकाय– 225 सीट नामांकन हेतु विश्वविद्यालय स्तर से निर्धारित है। निर्धारित सीट से अधिक नामांकित छात्र–छात्राओं के पंजीयन एवं परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा इसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालय की होगी।

विश्वासभाजन
ह0/–
कुलसचिव

ज्ञापांक– C/1240/ESt-el/2021  दिनांक– 07/07/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. प्रभारी प्राचार्य, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर।
2. अध्यक्ष, छात्र–कल्याण, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
3. परीक्षा नियंत्रक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
4. पंजीयन शाखा, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
5. माननीय कुलपति/प्रतिकुलपति/कुलसचिव का कार्यालय, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

30.6.21
महाविद्यालय निरीक्षक

30.06.21
कुलसचिव
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

30/06/21

कुलसचिव

# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

802 301 (बिहार)

Email Id- affilationvksuarrah@gmail.com

पत्रांक ............................ दिनांक ........................

## अधिसूचना

निदेशानुसार श्री अरशद फिरोज, सरकार के उपसचिव शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक– 15/ए3–25/2022–988, दिनांक– 28.04.2022 के द्वारा सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर को वाणिज्य संकाय में शैक्षणिक सत्र– 2022–23 से पास एवं प्रतिष्ठा स्तरीय स्थाई संबंधन की स्वीकृति प्राप्त हुई है: –

| क्र0 सं0 | संकाय | विषय | संबंधन की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01 | वणिज्य संकाय (पास एंव प्रतिष्ठा स्तर) | वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में। | शैक्षणिक सत्र– 2022–2023 से स्थायी संबंधन |

नोट– वाणिज्य संकाय– 225 सीट नामांकन हेतु विश्वविद्यालय स्तर से निर्धारित है। निर्धारित सीट से अधिक नामांकित छात्र–छात्राओं के पंजीयन एवं परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा इसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालय की होगी।

विश्वासभाजन
ह०/–
कुलसचिव

ज्ञापांक– C/780/FS+06/2022 दिनांक– 26/05/2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित :–**

1. प्रभारी प्राचार्य, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव, बक्सर।
2. अध्यक्ष, छात्र–कल्याण, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
3. परीक्षा नियंत्रक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
4. पंजीयन शाखा, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
5. माननीय कुलपति/प्रतिकुलपति/कुलसचिव का कार्यालय, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

25.05.22

कुलसचिव
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
25/05/22

पत्रांक 15/ए3–35/2022
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि०प्र०से०
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक– 2022

विषयः– **सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर का संबंधन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–C/65/Estab/2022 दिनांक–14.01.2022 द्वारा सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर में स्नातक वाणिज्य संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के विषय में सत्र 2022–25 से स्थायी संबंधन हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है। समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक–1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर को स्नातक वाणिज्य संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के प्रस्तावित विषयों में निम्न प्रकार संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

| क्र० | संकाय | विषय | संबंधन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर) | वाणिज्य | सत्र 2022 23 से स्थायी संबंधन। |

उक्त निर्णय पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/ए3–35/2022 – 958 पटना, दिनांक 28.04.2022

प्रतिलिपिः– उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार/निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरॉव, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

Final Affiliation 2022 - Sanjeev

# Sumitra Mahila College, Dumraon (Buxar)
(An Affiliated Unit of V.K.S.U, Ara)

Contact No.9934243373
Fax No:
Website:-smcollegedumraon.org
Email ID:-smcollegedum1984@gmail.com

Letter No. 48/24 Date 27-4-24

सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमराँव
ऑनलाइन नामांकन (2024–2028) हेतु सीट मैट्रिक्स की विवरणी

## B.A – Sem- I (2024-2028)

| Subject | | Seat |
|---|---|---|
| 1. Economics | - | 25 |
| 2. English | - | 22 |
| 3. Geography | - | 75 |
| 4. Hindi | - | 30 |
| 5. History | - | 160 |
| 6. Home Sci. | - | 105 |
| 7. Philosophy | - | 10 |
| 8. Political sci. | - | 130 |
| 9. Psychology | - | 135 |
| 10. Sanskrit | - | 10 |
| 11. Sociology | - | 60 |
| 12. Bhojpuri | - | 10 |
| 13. Urdu | - | 20 |
| | | **Total-792** |

## B.Sc – Sem- I (2024-2028)

| Subject | | Seat |
|---|---|---|
| 1. Physics | - | 110 |
| 2. Chemistry | - | 50 |
| 3. Botany | - | 30 |
| 4. Zoology | - | 110 |
| 5. Math | - | 62 |
| | | **Total-362** |

## B.Com– Sem- I (2024-2028)

| | | |
|---|---|---|
| 1. Accounts | - | **225** |

27/4/24
प्रधानाचार्य
Principal
Sumitra Mahila College